# परिषद में हंगामा, प्रवेश द्वारों को लेकर विपक्ष व सत्ता पक्ष उलझे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** नगर निगम परिषद की बैठक में आज उस वक्त जबरदस्त हंगामा देखने को मिला जब शहर में कुछ स्थानों पर बनाये गए प्रवेश द्वारों को हटाने की मांग स्थगन के जरिये भाजपा

**सभापति ने जानकारी तलब की पार्किंग ठेकों पर अवैध वसूली पर सख्ती, एक माह में निविदा पूर्ण करने के आदेश**

पार्षदो ने की। निगमायुक्त की जानकारी के आधार पर सभापति ने तैयार कराए गए प्रवेश द्वारो की जानकारी मांगी है।

नगर निगम द्वारा संचालित लाल टिपारा गौशाला के लिए राशि की स्वीकृति सहित दो स्थगन प्रस्ताव नगर निगम परिषद



की आज हुई बैठक में लाए गए थे, जिनमें मुरार की वैशाली नदी पर निगम द्वारा की गई खर्च राशि का विवरण और शहर में कुछ जगह बनाए गए प्रवेश द्वारों के जरिए ट्रैफिक बाधित होने का मुद्दा उठाया गया था। इस दौरान कांग्रेस पार्षदों ने प्रवेश द्वारों को हटाए जाने की भाजपा पार्षदों द्वारा की मांग का जमकर विरोध किया। जबरदस्त हंगामें के बीच सभापति मनोज तोमर ने निगमायुक्त से तैयार कराए गए प्रवेश द्वारों की संख्या और उसकी स्वीकृति संबंधी जानकारी तलब की है।

निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सदन में सूचित किया कि अलग-अलग एजेंसियों के जरिए यह निर्माण कार्य कराया गया है। ऐसे में सभी जानकारी को एकजुट करने में समय लगेगा। लिहाजा सभापति ने समय देते हुए निगमायुक्त से जानकारी तलब की है।

बैठक में पार्षदों द्वारा लगाए गए स्थगन प्रस्ताव शहर में बिना पार्किंग ठेकों पर की जा रही वसूली के संबंध में चर्चा उपरांत सभापति मनोज तोमर ने निगमायुक्त को अधिकृत करते हुए कहा कि पार्किंग ठेकों की निविदा प्रक्रिया एक माह में पूर्ण करें, अगर निविदा नहीं आये तो तत्काल राशि कम करके 15 दिवस में निविदा प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही सदस्यों द्वारा बताये गए स्थानों पर एवं शहर के आम रास्तों पर जिन्होंने अतिक्रमण कर रखा है उन पर कार्यवाही करके उनको हॉकर्स जोन में पहुंचाया जाए।

दूसरा स्थगन प्रस्ताव जिसमें निगम की आय में वृद्धि हेतु निगम स्वामित्व की व्यावसायिक संपत्तियों के उपयोग के संबंध में चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने आसंदी से निर्देशित किया कि आय वृद्धि की निगमायुक्त समीक्षा करें तथा निगम को हो रही राजस्व हानि को देखते हुए आवंटन की प्रक्रिया डेढ माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। तीसरे प्रस्ताव में स्वीकृत विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की लगाई जाने वाली प्रतिमाएं मौलिक निधि से लगाये जाने पर चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने निर्देशित किया कि निगमायुक्त समीक्षा कर नियमानुसार कार्यवाही करें।

इसके साथ ही वैशली नदी मुरार के उन्नयन को लेकर लगाये गए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सभापति तोमर ने निर्देशित किया कि पूर्व ठहराव का अक्षरश: पालन किया जाए और उसकी जानकारी सदन को भिजवाई जाए।

### दिवंगतों को किया नमन

बैठक में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, पत्रकार राकेश झा एवं सेना के जवान शैलेन्द्र भदौरिया के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त कर, एजेंडे समाप्ति की घोषणा की गई।

### गौशाला के चारे की टेंडर प्रक्रिया की होगी जांच

बैठक में गौशाला के गौवंशों के खाद्य पदार्थ क्रय हेतु समय वृद्धि एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत सभापति मनोज तोमर ने उक्त बिंदु को सर्व सम्मति से स्वीकृत किया तथा निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नेता प्रतिपक्ष हरिपाल एवं पार्षद देवेन्द्र राठौर ने जो शंका जाहिर की है उसको संज्ञान में लेकर निविदा प्रक्रिया की जांच करें।



## व्यापार मेला गेट पर ठेले वालों ने किया चक्काजाम,लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** व्यापार मेला गेट पर हाथ ठेला और फड़ संचालकों ने नगर निगम पर अवैध वसूली और दुकान न लगाने देने के आरोप लगाते हुए चक्का जाम किया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी बल सहित मौके पर पहुंच गए और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइस दी संचालकों का कहना है कि पैसे लेने के बावजूद मेले में जगह नहीं दी जा रही। विरोध के चलते करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइस देकर जाम खुलवाया ।

## एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं लगवाना महंगा पड़ा, महिला की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** डॉग बाइट की शिकार महिला को एंटी रैबीज का इंजेक्शन नहीं लगवाना महंगा पड़ गया, जिसकी बुधवार सुबह मौत हो गई। घटना गिरवाई थाना इलाके की है। जिसकी सूचना

**एक माह पूर्व बाजार में आवारा कुत्ते ने काट लिया था**

पाकर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। गिरवाई थाना क्षेत्रांतर्गत सिकंदर कंपू निवासी 48 वर्षीय किरण पत्नी अशोक करीब एक माह पूर्व सब्जी लेने गई थी, तभी उसे एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था। जिससे वह जख्मी हो गई थी। परिजन उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जिसने एंटी रैबीज का इंजेक्शन नहीं



लगाते हुए उन्हें साधारण दवा देकर घर पहुंचा दिया। बताया गया है कि इसके बाद महिला की हालत धीरे- धीरे बिगड़ती गई और बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### इनका कहना है

करीब एक माह पूर्व डॉग बाइट का शिकार हुई महिला की मौत हो गई है। मृतका को एंटी रैबीज का इंजेक्शन नहीं लगवाया गया था। परिजनों की सूचना पर शव का पीएम करवाकर मर्ग कायम किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**सुरेंद्रनाथ सिंह यादव**
**टीआई, गिरवाई**

### पीएम के लिए खुद ही ले गए बॉडी

बताया गया है कि मृतका का बेटा मेडिकल स्टोर संचालित करता है, उसके बावजूद परिजनों ने महिला के डॉग बाइट का शिकार होने के बावजूद उसे एंटी रैबीज का इंजेक्शन नहीं लगवाया। इस लापरवाही के कारण महिला की मौत हो गई। यदि उसे समय पर उचित उपचार मिल जाता, तो संभवत: उसकी जान नहीं गई होती। वहीं किरण की मौत के बाद परिजन स्वयं उसकी बॉडी को पीएम हाउस ले गए। जहां से उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने पर परिजनों ने महिला की मौत की रिसीविंग ली, फिर उसे पीएम के लिए पहुंचाया। जिससे पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

## दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित सदस्य को आउटसोर्स के माध्यम से अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** नगर निगम परिषद द्वारा आयोजित अभ्याचित बैठक में नगर निगम ग्वालियर में कार्यरत करीब 2648 विनियमित कर्मचारियों की अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में निर्णय लिया गया कि दिवंगत विनियमित कर्मचारियों के परिवार के आश्रित सदस्य को आउटसोर्स के माध्यम से अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए। जिसके विरोध में विगत एक साल से कर्मचारियों के हक अधिकार की लड़ाई लड रहे राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के ग्वालियर जिला अध्यक्ष सक्षम शर्मा और संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश चौहान द्वारा आज अपना घोर विरोध दर्ज कराया और परिषद के इस निर्णय को विनियमित कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के अधिकारों की हत्या परिषद में आसीन समस्त पार्षदों और महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष द्वारा करना बताया और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश चौहान एवं जिला अध्यक्ष सक्षम शर्मा ने निगम शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि परिषद की होने वाली आगामी बैठक 20 फरवरी को अगर नगर निगम परिषद द्वारा अपने इस निर्णय पर पुन: विचार कर विनियमित कर्मचारियों को विनियमित श्रैणी में अनुकम्पा नियुक्ति का निर्णय नहीं लिया गया तो आगे संगठन ग्वालियर नगर निगम के समस्त कर्मचारियों और अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सड़क पर उतर कर चरणबद्ध आंदोलन करते हुए आखिरी में आमरण अनशन की कार्यवाही करेगा जिससे नगर निगम ग्वालियर के शासन प्रशासन की जो छवि जनता की नजर में धूमिल होगी उसका पुरा उत्तरदायित्व स्वयं नगर निगम ग्वालियर शासन और प्रशासन का होगा.

## 3 माह में करें म्यूजियम का कार्य पूर्ण : निगमायुक्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** नगर निगम के म्यूजियम के पुनर्निर्माण कार्य को तीन माह के अंदर पूरा करें, साथ ही तीन माह के अंदर ही फर्नीचर, ग्लास आदि लगाने की व्यवस्था करें। जिससे म्यूजियम

**रोपवे की साइड़ पर बनाएं कॉम्शियल प्रोजेक्ट का प्लान**

**सभापति और निगमायुक्त ने किया निरीक्षण**

को आमजनों के लिए खोला जा सके। यह निर्देश सभापति मनोज तोमर एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा किए गए निर्माणाधीन म्यूजियम के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं ठेकेदार को दिए। इसके साथ ही सभापति तोमर एवं निगमायुक्त संघ प्रिय ने निर्माणाधीन परिषद भवन एवं रोपवे की पुरानी साइट का भी निरीक्षण किया।



सभापति मनोज तोमर एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने म्यूजियम के निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट इंजीनियर एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि सिविल का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही म्यूजियम के अंदर दुर्लभ वस्तुओं को प्रदर्शित करने के लिए फर्नीचर एवं ग्लास आदि लगाए जाएं जिससे आमजनों के लिए म्यूजियम को खोला जा सके। इसके बाद निगमायुक्त एवं सभापति ने नवीन परिषद भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभापति एवं निगमायुक्त कार्य की गति से संतुष्ट दिखे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अक्टूबर माह तक कार्य को पूर्ण किया जाए। साथ ही परिषद भवन के अंदर फर्नीचर, लाइट एवं एसी आदि का कार्य भी तेजी से किया जाए। साथ ही इन कार्यों को भी प्रोजेक्ट में शामिल करें। इसके बाद नगर निगम आयुक्त एवं सभापति ने रोपवे की पुरानी साइड का निरीक्षण किया। चूंकि रोपवे को स्थानांतरित कर उसे अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है, इसलिए यह जमीन नगर निगम की अनुपयोगी हो गई है। नगर निगम आयुक्त ने इस जमीन पर कमर्शियल प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर सुरेश कुमार बरादिया को ज्ञापन सौंपा म.प्र.संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने आव्हान जिला स्तरीय एव प्रदेश कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर प्रांत व्यापी आंदोलन के प्रथम चरण



में 2 फरवरी को संपूर्ण मध्य प्रदेश में जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाए। विभाग एवं सरकार द्वारा कोई संज्ञान लेकर निराकरण नहीं किया गया तो मजबूर होकर न्याय की उम्मीद लेकर राजधानी भोपाल में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय पर धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 24 फरवरी को स्वास्थ्य संचालनालय पर प्रदर्शन कर न्याय यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री से गुहार लगायेंगे।

### इन प्रमुख मांगों को उठाया

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सेवाएं दे चुके आउटसोर्स कर्मचारियों को बिना कोई शर्त के विभाग में तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों समायोजन कर नियमित किया जाए अथवा बिना कोई शर्त के संविदा में मर्ज किया जाए। प्रदेश के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में निम्न पदों पर सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मियों के लिए उत्तर प्रदेश शासन एवं हरियाणा शासन की तर्ज पर ठोस नीति तैयार कर स्थायी समाधान किया जाए। आउटसोर्स कर्मचारी के लिए न्यूनतम 21000 वेतन निर्धारित किया जाए श्रम विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित वेतन वृद्धि की गई थी उक्त अनुसार 11 माह के एरियर राशि भुगतान नहीं किया गया। विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं। समस्त जिलों में निजी आउटसोर्स एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किया जाए विभाग द्वारा सीधा खाती में भुगतान किया जाए। रेगुलर कर्मचारियों की तरह शासकीय छुट्टियों की सुविधा दी जाए। आउटसोर्स कर्मचारी को भी नियमित भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण दिया जाए। आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जावे। ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए।

## डॉ बी .आर . श्रीवास्तव कैंसर विजेता सम्मान से अलंकृत



**ग्वालियर 4 फरवरी.** सकल ब्राह्मण महासमिति एवं गोग्स ग्वालियर द्वारा राष्ट्रीय स्तर के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. बी आर श्रीवास्तव को कैंसर विजेता सम्मान से शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।जीआर मेडिकल कॉलेज की पूर्व डीन डॉ. शैला सप्रे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गोग्स प्रेसिडेंट डॉ रीता मिश्रा, डॉक्टर वीणा प्रधान, सकल ब्राह्मण महासमिति की महिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रश्मि दीपक त्रिपाठी थीं। अध्यक्षता सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयवीर भारद्वाज एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री डॉ मुन्नालाल शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत हेमेश दंडोतिया, योगेंद्र अनीता दीक्षित, डॉ. मुन्ना लाल शर्मा, ब्रह्म दत्त शास्त्री, एसके पचौरी, अवधेश शर्मा आदि ने किया।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता की कसौटी पर होगी जिला अस्पताल की परीक्षा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** 28 फरवरी को एनक्यूएएस की राष्ट्रीय टीम अस्पताल का भ्रमण कर मानकों की जाँच करेगी। इसको लेकर

**सिविल अस्पताल में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण की तैयारियाँ तेज**

कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय मुरार में देश के सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण अस्पतालों की सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की



तैयारियाँ युद्ध स्तर पर जारी हैं। सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ सतत ट्रेनिंग ले रहे हैं। रिकॉर्ड्स का सुव्यवस्थितिकरण और मरीजों की सुविधाओं में सुधार का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

**क्या है एनक्यूएएस?**- यह स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सरकारी अस्पतालों की गुणवत्ता सुधारने का एक राष्ट्रीय ढांचा है। इसके तहत संक्रमण नियंत्रण, रोगी अधिकार, नैदानिक देखभाल और बेहतर परिणाम जैसे मानकों पर अस्पताल को परखा जाता है।?

### इनका कहना हैं...

राष्ट्रीय गुणवत्ता की कसौटी पर मुरार जिला अस्पताल खरा उतरे इसके लिए हम पूरा प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य मरीजों को सुरक्षित, आधुनिक और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना हैं।

**- डॉ. राजेश कुमार शर्मा,सिविल सर्जन**

पूरी टीम समर्पण के साथ जुटी है। हमें विश्वास है कि मुरार जिला अस्पताल गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा।

**- डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सीएमएचओ ग्वालियर)**


## जेयू में हुई काउंटर टेररिस्ट मॉकड्रिल, चार दिन रहेंगे एनएसजी के 135 कमांडो

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** एनएसजी के 135 कमांडो और अफसर शहर में आये हुए है। सूचना के अनुसार वह शहर में अलग-अलग जगहों पर काउंटर टेररिस्ट एक्सरसाइज

**अलग-अलग जगह करेंगे मॉकड्रिल**

कर रहे है। सिटी सेंटर क्षेत्र में सेंकडो की तादात में आज शाम को पुलिस बल देखकर वहां से निकलने बाले राहगीर भौचक्के रह गए। कयास लगाया जा रहा था कि जीवाजी विश्वविद्यालय में कोई बड़ी घटना घट गई है, उसी समय किसी ने कहा कि जेयू में आतंवादी



घुसे है पर बाद में मामला साफ हो गया कि सुरक्षा बलों की सतर्कता और मुस्तैदी जांचने के लिए मॉकड्रिल की जा रही थी । आज एनएसजी ने पुलिस बल और आला अधिकारियों के साथ मिलकर जीवाजी विश्वविद्यालय में मॉकड्रिल की अगली कड़ी में दो टूरिस्ट और एक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को एक्सरसाइज के लिए चुना जा सकता है। तीन महीने में यह तीसरा मौका है, यह एक्सरसाइज चौकस सुरक्षा को जानने के लिए की जा रही है

### दो रिहर्सल हो चुकी हैं

ग्वालियर में इससे पहले भी दो रिहर्सल हो चुकीं हैं। अमेरिकन सिटीजन सर्विस, विदेश सेवा के दो अधिकारी डिसास्टर मैनेजमेंट को लेकर बीते 3 नवंबर 2025 को ग्वालियर आए थे। इसकी सूचना यूएस कॉन्सुलेट जनरल मुंबई से प्रशासन को मिली थी। इसके बाद टीम ने होमगार्ड अफसरों के साथ प्रजेंटेशन देखा और तैयारियों पर चर्चा भी की थी। इसके अलावा वायुसेना बीते 27 दिसंबर को एंटी हाइजैक मॉक एक्सरसाइज भी की जा चुकी है। यह आयोजन ओल्ड एटीएस बिल्डिंग परिसर क्षेत्र में हुआ था। इनमें प्लेन हाईजैक के वक्त की सारी कार्रवाई की मॉकड्रिल की गई थी।

# अतीत की जड़ों से भविष्य का मार्ग दिखाती है भारतीय ज्ञान परंपरा : रेनू द्विवेदी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 फरवरी.** भारतीय ज्ञान परम्परा हमारी सांस्कृतिक पहचान का मूल आधार है। यह परम्परा केवल अतीत तक सीमित नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य को भी दिशा देने में सक्षम है। यह बात उत्तरप्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग लखनऊ की निदेशक रेनू द्विवेदी ने जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम ऊषा) द्वारा प्रायोजित भारतीय इतिहास में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। अध्यक्षता जेयू के प्रभारी कुलगुरु प्रो. जेएन गौतम ने की।




विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा व आयोजन सचिव डॉ. शांतिदेव सिसोदिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव मिश्रा ने कहा कि भारतीय इतिहास लेखन में भारतीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा समाज के नैतिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास की आधारशिला रही है। इस संगोष्ठी के माध्यम से शोधार्थियों को अपने विषयों को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर मिला है। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा बहु विषयक है, जिसमें वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, गणित, खगोलशास्त्र, व्याकरण और राजनीति शास्त्र जैसे विषयों का समन्वय दिखाई देता है। प्रो. जेएन गौतम ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा हमारे राष्ट्र की आत्मा है। डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि पीएम ऊषा जैसी योजनाएं उच्च शिक्षा संस्थानों को शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के लिए नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं। संगोष्ठी के दूसरे दिन 11 ऑफलाइन व 18 ऑनलाइन शोधपत्रों का वाचन किया गया। इसके साथ ही दो दिवसीय संगोष्ठी में कुल 54 रिसर्च पेपर पढ़े गए। आखिर में आयोजन सचिव डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने अतिथियों को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद मिश्रा एवं कुमकुम सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. हेमन्त शर्मा, प्रो. विवेक बापट, प्रो. एसएन महापात्रा, डॉ. सपना पटेल, सहायक कुलसचिव अमित सिसोदिया सहित शोधार्थी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रो. समीर भाग्यवंत जीव विज्ञान संकाय के नए संकायाध्यक्ष प्रो. शांतिदेव सिसोदिया व प्रो. चारू कटारे रिपीट हुए

ग्वालियर। मप्र विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 27 की उपधारा (4) के अंतर्गत के प्रावधानानुसार कुलाधिपति जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रो. समीर भाग्यवंत, आचार्य बायोटेक्नोलोजी अध्ययनशाला को दो वर्ष के लिए जीव विज्ञान संकाय का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं प्रो. शांतिदेव सिसोदिया, आचार्य प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला को दो वर्ष के लिए दोबारा समाज विज्ञान संकाय का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा शासकीय केआरजी कॉलेज की गृह विज्ञान विभाग की आचार्य प्रो. चारू कटारे को भी दोबारा गृह विज्ञान संकाय का संकायाध्यक्ष बनाया गया है। जेयू कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा ने उक्त सभी आचार्यों को इस नवीन आदेश के बारे में पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया है।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस. ए.आर.बी.) ग्वालियर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474011, मो. नं. 78801-53116
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in | Web : bankofbaroda.com

परिशिष्ट चतुर्थ - ए (नियम 6 (ए) एवं 8 (6) देखें)

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोंगो को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जाता है। को जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है, के आधार पर निम्नलिखित कर्जदार और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार की निम्नदर्शित रुपये की बकाया राशि की बसूली हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय पर बेचा जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों /बंधक संपत्तियों/बकाया राशि/नीलामी तिथी व समय/आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि/बोली बढाने की राशि नीचे दर्शायी गई है।

| कर्जदार/जमानदार/बंधककर्ता का नाम व पता | ज्ञात ऋण-भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य / अग्रिमधनराशि / बोली बढाने की राशि | नीलामी की तारीख एवं समय | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| ऋणी : 1.**मैसर्स वीटा आइसक्रीम (मालिक मुकुल सिंघल पिता श्री प्रमोद कुमार सिंघल 2. श्री मुकुल सिंघल पिता श्री प्रमोद कुमार सिंघल मालिक मैसर्स वीटा आइसक्रीम** जमानतदार : **श्री प्रमोद कुमार सिंघल पिता श्री भगवान दास सिंघल** पता : 15/482 सिंधी कॉलोनी पराग ऑयल मील के पास जीवाजी गंज मुरैना जिला मुरैना (म.प्र.)-476001 | **संपत्ति के मालिक** - श्री प्रमोद कुमार सिंघल पुत्र श्री भगवान दास सिंघल - सर्वे नंबर 574 के एक हिस्से, प्लॉट नंबर 505, गांव जौहरा खुर्द कृषि उपज मंडी समिति मुरैना में स्थित संपत्ति का पूरा हिस्सा, वर्तमान में नगर पालिका मकान नंबर 1097, वार्ड नंबर 39/न्यू-16 सिंधी कॉलोनी, पराग ऑयल मील के पास, मुरैना जिला मुरैना-476001 में स्थित है, बिक्रीनामा के अनुसार कुल क्षेत्रफल 125 .46 वर्ग मीटर या 1350 वर्ग फुट है। **चतुर-सीमाएँ : उत्तर** : भागचंद जैन का मकान, **दक्षिण** : रामस्वरूप की ज़मीन, **पूर्व** : सरकारी नाला (अब सड़क), **पश्चिम** : नाला | ₹ 1,01,90,000/- / 10,19,000/- / 10,000/- | 24-02-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 09-10-2025 / 29-12-2025 / ₹ 19,81,994.34/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm or https://baanknet.com में दिये गये लिंक को देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं मोबाईल नं. 78801-53122

स्थान : ग्वालियर | दिनांक : 04/02/2026 | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95